नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **21**

No. of Printed Pages – **8**

# SS-21-Hindi Sah.

## हिन्दी साहित्य

**उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2022**

**समय : 2 घंटे 45 मिनट**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

**GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

OFFICE COPY

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

(5) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

## खण्ड – अ

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए : 6 × 1 = 6

संस्कृति के आंतरिक अंगों पर भारत में विशेष बल दिया गया है । धर्म ग्रंथों में अच्छे मनुष्यों के जो लक्षण बतलाए गए हैं । मनु स्मृति में धृति, क्षमा, दया, अस्तेय, शौच, इन्द्रिय निग्रह, धी, विद्या, सत्य और अक्रोध धर्म के दस लक्षण बतलाए गए हैं, वे सब भारतीयों की मानसिकता और आध्यात्मिक संस्कृति के अंग हैं । श्रीमद्–भगवद् गीता में देवी सम्पदा वालों के लक्षण दिए गए हैं जिनमें 'अभय' को पहला स्थान दिया गया है । स्थित प्रज्ञ के लक्षण (दूसरा अध्याय) सात्विक चीजों के लक्षण (सत्रहवाँ अध्याय) आदि सब भारतीय संस्कृति के अनुकूल सभ्य और शिष्ट पुरुष के लक्षण हैं । इसलिए सभी महाकाव्य ऐसे लक्षणों से भरे पड़े हैं । 'रघुवंश' में रघुकुल राजाओं के जो गुण बतलाए गए हैं, वे न केवल भारत के सांस्कृतिक आदर्शों के परिचायक हैं, बल्कि उनसे अतीत का भव्य चित्र हमारे सम्मुख आ जाता है ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है 1

(अ) रघुवंश (ब) अध्यात्म

(स) रघुकुल (द) भारतीय संस्कृति

(ii) मनु स्मृति में धर्म के कितने लक्षण बतलाए गए हैं ? 1

(अ) छह (ब) सात

(स) दस (द) चार

(iii) श्रीमद्भगवद् गीता में देवी सम्पदा वालों के लक्षणों में पहला स्थान किसे दिया गया है ? 1

(अ) क्षमा (ब) अभय

(स) दया (द) शौच

(iv) 'रघुवंश' में किस कुल के राजाओं के गुण बतलाए गए हैं ? 1

(अ) यदु कुल के (ब) कौरव कुल के

(स) पांडव कुल के (द) रघुकुल के

(v) 'अनुकूल' शब्द का विपरीतार्थक शब्द है 1

(अ) रघुकुल (ब) प्रतिकूल

(स) संकुल (द) बकुल

OFFICE COPY

(vi) भारत में किस पर विशेष बल दिया गया है ? 1

(अ) अतीत के गौरव गान पर । (ब) संकीर्ण मानसिकता पर ।

(स) असभ्य और अशिष्ट लक्षणों पर । (द) संस्कृति के आंतरिक अंगों पर ।

निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 6 × 1 = 6

बार बार आती है मुझको मधुर याद बचपन तेरी ।
गया ले गया तू जीवन की सबसे मस्त खुशी मेरी ।
चिंता रहित खेलना-खाना वह फिरना निर्भय स्वच्छंद ।
कैसे भूला जा सकता है, बचपन का अतुलित आनंद ।
ऊँच-नीच का ज्ञान नहीं था, छुआ-छूत किसने जानी ।
बनी हुई थी वहाँ झोंपड़ी और चिथड़ों में रानी ।
किए दूध के कुल्ले मैंने चूस अँगूठा सुधा पिया ।
किलकारी किल्लोल मचाकर सूना घर आबाद किया ।
रोना और मचल जाना भी क्या आनंद दिलाते थे ।
बड़े-बड़े मोती से आँसू जयमाला पहनाते थे ।

OFFICE COPY

(vii) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक है 1

(अ) जयमाला (ब) चिंता

(स) आँसू (द) बचपन

(viii) बचपन में क्या नहीं होता था ? 1

(अ) अँगूठा चूसना । (ब) निर्भय स्वच्छंद फिरना ।

(स) पुरुषार्थ, ज्ञान का मोह । (द) चिंता रहित खेलना-खाना ।

(ix) 'मधुर' शब्द का विलोम शब्द है 1

(अ) शहद (ब) शर्करा

(स) कटु (द) मीठा

(x) 'छुआ-छूत किसने जानी' पंक्ति का अर्थ है 1

(अ) छुआ-छूत को नहीं जानते थे । (ब) छुआ-छूत को मानते थे ।

(स) उपर्युक्त दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

(xi) अँगूठा चूसने को किसके समकक्ष माना ? 1

(अ) कल्लोल मचाने के (ब) चीथड़ों में रानी बनने के

(स) अमृत पीने के (द) दूध के कुल्ले करने के

(xii) 'आँसू' शब्द का तत्सम शब्द है 1

(अ) अश्क (ब) श्वेत

(स) स्वेद (द) अश्रु

2. दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : $6 \times 1 = 6$

(i) वाक्य का अर्थ पढ़ने के साथ सहज समझ आ जाए वहाँ ________ गुण होता है । 1

(ii) काव्य के रसास्वादन में बाधा पहुँचाने वाले तत्त्व ________ कहलाते हैं । 1

(iii) गीतिका छंद के प्रत्येक चरण में ________ मात्राएँ होती हैं । 1

(iv) छंद में लघु वर्ण का संकेत चिह्न एवं गुरु वर्ण का संकेत चिह्न ________ होता है । 1

(v) अलंकार मुख्य रूप से ________ प्रकार के होते हैं । 1

(vi) एक ही वर्ण की आवृत्ति बार-बार होने पर ________ अलंकार होता है । 1

OFFICIAL COPY

3. **निम्नलिखित अति-लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 20 शब्दों में दीजिए :**

(i) रूपक अलंकार की परिभाषा लिखिए । 1

(ii) मानवीकरण अलंकार का उदाहरण लिखिए । 1

(iii) जनसंचार के माध्यमों में सबसे पुराना माध्यम कौन सा है ? 1

(iv) समाचार की शुरुआत में प्रयुक्त होने वाले कोई दो ककार लिखिए । 1

(v) विशेष लेखन की सूचनाओं के स्रोतों में से किन्हीं दो के नाम लिखिए । 1

(vi) प्रसाद के किस प्रसिद्ध नाटक से 'कार्नेलिया का गीत' लिया गया है ? 1

(vii) 'दूसरा देवदास' कहानी में मन्नू की बुआ का क्या नाम था ? 1

(viii) निराला को कविता के क्षेत्र में किस नये प्रयोग का प्रवर्तक माना जाता है ? 1

(ix) भरत ने बचपन में राम कृपा की कैसी रीति देखी ? 1

(x) कविता के प्रमुख तत्त्व कौन–कौन से हैं ? 1

(xi) 'कैसे लिखें कहानी' पाठ के आधार पर बताइए कि कथानक के आमतौर पर कौन–कौन से भाग होते हैं ? 1

(xii) नाटककार को नाटक लिखते समय सबसे पहले किसका चुनाव करना पड़ता है ? 1

## खण्ड – ब

**निर्देश : प्रश्न संख्या 4 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम शब्द–सीमा 40 शब्द है ।**

4. रेडियो के लिए समाचार लेखन में किन–किन बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए ? 2

5. 'विशेष लेखन स्वरूप और प्रकार' अध्याय के आधार पर लिखिए कि विशेष लेखन की भाषा–शैली कैसी होनी चाहिए ? 2

6. "तुम गाँव छोड़कर मत जाओ ।" 'संवदिया' कहानी में प्रयुक्त इस कथन में निहित भाव को स्पष्ट कीजिए । 2

OFFICE COPY

7. 'चार हाथ' लघुकथा में मिल मालिक ने मजदूरों के अतिरिक्त हाथ लगवाने के लिए क्या–क्या प्रयत्न किए ? 2

8. पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी या असगर वजाहत में से किसी एक रचनाकार का साहित्यिक परिचय लिखिए । 2

9. 'दिशा' कविता का मूल भाव लिखिए । 2

10. माँ सरस्वती की उदारता का बखान करने में कवि केशवदास कवियों को असमर्थ क्यों मानते हैं ? 2

11. सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' अथवा विद्यापति में से किसी एक का साहित्यिक परिचय लिखिए । 2

12. 'सूरदास की झोंपड़ी' पाठ के आधार पर लिखिए कि पूरे मोहल्ले में सूरदास की बदनामी क्यों हुई ? 2

13. भूप दादा को पहाड़ पर अकेला बताने की रूप की बात का भूप दादा क्या उत्तर देते हैं ? 2

14. 'खूब मनाओ दसेरा–दिवाली' पंक्ति का 'अपना मालवा – खाऊ-उजाड़ू सभ्यता में' पाठ के आधार पर आशय स्पष्ट कीजिए । 2

15. 'आरोहण' कहानी में वर्णित पर्वतीय सौंदर्य को अपने शब्दों में लिखिए । 2

## खण्ड – स

16. 'दूसरा देवदास' कहानी का कथानक संक्षेप में अपने शब्दों में लिखिए । 3

अथवा

"विकास के नाम पर पर्यावरण विनाश एवं विस्थापन की यातना को मनुष्य भोग रहा है ।" 'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ के आधार पर कथन की समीक्षा कीजिए ।

17. भारत की किन–किन विशेषताओं को 'कार्नेलिया का गीत' कविता में चित्रित किया गया है ? 3

अथवा

'सरोज–स्मृति' कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए ।

18. 'सूरदास की झोंपड़ी' पाठ के आधार पर सूरदास की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए । 4

अथवा

'आरोहण' कहानी के आधार पर भूप दादा की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए ।

## खण्ड – द

19. निम्नलिखित पठित पद्यांश में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : $1 + 4 = 5$

यह दीप अकेला स्नेह भरा
है गर्व भरा मदमाता, पर इसको भी पंक्ति को दे दो ।
यह जन है – गाता गीत जिन्हें फिर और कौन गाएगा ?
पनडुब्बा – ये मोती सच्चे फिर कौन कृती लाएगा ?
यह समिधा ऐसी आग हठीला बिरला सुलगाएगा ।
यह अद्वितीय – यह मेरा – यह मैं स्वयं विसर्जित –
यह दीप अकेला स्नेह भरा
है गर्व भरा मदमाता, पर इसको भी पंक्ति को दे दो ।

अथवा

राघौ ! एक बार फिरि आवौ ।
ए बर बाजि बिलोकि आपने बहुरो बनहिं सिधावौ ।।
जे पय प्याइ पोखि कर–पंकज वार वार चुचकारे ।
क्यों जीवहिं मेरे राम लाडिले ! ते अब निपट बिसारे ।।

20. निम्नलिखित पठित गद्यांश में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **1 + 4 = 5**

एक बात और । इसके पहिले कि मैं इस लेख को समाप्त करूँ, मैं उन लोगों से क्षमा माँगता हूँ जिन्हें मैंने छला है और फिर सिवाय मेरे क्षमा माँगने और उनके क्षमा करने के और कोई चारा भी तो नहीं है । अपने पापों का (यदि आप उन्हें पाप समझें, मैं नहीं समझता) प्रायश्चित्त तो मैंने लिखकर कर लिया । परंतु समाप्त करते–करते मैं ऐसी कृतघ्नता का पाप नहीं कर सकता जिसके प्रायश्चित्त का विधान शास्त्र में भी नहीं है । यह संग्रहालय चार महानुभावों के सहाय्य और सहानुभूति से बन सका है ।

**अथवा**

चौधरी साहब से तो अब अच्छी तरह परिचय हो गया था । अब उनके यहाँ मेरा जाना एक लेखक की हैसियत से होता था । हम लोग उन्हें एक पुरानी चीज़ समझा करते थे । इस पुरातत्व की दृष्टि में प्रेम और कुतूहल का एक अद्‌भुत मिश्रण रहता था । यहाँ पर यह कह देना आवश्यक है कि चौधरी साहब एक खासे हिंदुस्तानी रईस थे । वसंत पंचमी, होली इत्यादि अवसरों पर उनके यहाँ खूब नाचरंग और उत्सव हुआ करते थे । उनकी हर एक अदा से रियासत और तबीयतदारी टपकती थी । कंधों तक बाल लटक रहे हैं । आप इधर से उधर टहल रहे थे । एक छोटा लड़का पान की तश्तरी लिए पीछे–पीछे लगा हुआ है । बात की काँट–छाँट का क्या कहना ! जो बातें उनके मुँह से निकलती थीं, उनमें एक विलक्षण वक्रता रहती थी ।

OFFICE COPY

21. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **400** शब्दों में निबंध लिखिए : **6**

(अ) पर्यावरण संरक्षण : समय की माँग

(ब) कम्प्यूटर क्रांति : बदलता जीवन

(स) कोरोना काल : नयी चुनौतियाँ

(द) यदि मैं प्रधानाचार्य होता

CONFIDENTIAL

DO NOT WRITE ANYTHING HERE

CONFIDENTIAL